अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

कमांक/परीक्षा/2026/ 767 रीवा, दिनांक 06/07/26

संशोधित अधिसूचना

विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक विभाग में वार्षिक पद्धति परीक्षा 2026 अन्तर्गत स्नातक/स्नातकोत्तर के नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी परीक्षा हेतु आवेदन वेबपोर्टल **www.apsu.mponline.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि घोषित की जाती है।

सत्र	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष/सेमेस्टर	पाठ्यक्रम का प्रकार	आवेदन तिथि व शुल्क
NON NEP-वार्षिक पद्धति परीक्षा 2026	स्नातक – **B.ED. I**	वार्षिक पद्धति परीक्षा	स्नातक/स्नातकोत्तर नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी	1.दिनांक 06.07.2026 से 08.07.2026 तक 1500/– विलम्ब शुल्क सहित।

विशेष नोट– अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के अन्तर्गत विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन बी.एड., एम.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष वार्षिक परीक्षा 2026 के परीक्षा फार्म पोर्टल पर छात्रों द्वारा भरने हेतु तभी उपलब्ध होंगे जब एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर उन समस्त छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/प्रोजेक्ट एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालय द्वारा भरे जा चुके होगें।

अतः महाविद्यालयीन प्राचार्य/संचालकों को निर्देशित किया जा रहा है बी.एड., एम.एड. प्रथम, द्वितीय के समस्त छात्रों के प्रायोगिक, आन्तरिक मूल्यांकन का कार्य दिनांक 06.07.2026 से 08.07.2026 तक सम्पन्न कराकर एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर उनके प्राप्तांक अनिवार्यतः फीड करावे एवं छात्रों द्वारा गृहीत विषय का सत्यापन कार्य भी किया जावें। महाविद्यालय द्वारा जिन छात्रों के अंकों की प्रविष्ट पोर्टल पर हो जावेगी उन्ही छात्रों के परीक्षा आवेदन भरने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध होगे।

निर्देश–

1. प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता अधिकारी अग्रेषित समस्त आवेदनों की सत्यापित प्रति परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा कराए, उक्त के अभाव में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा।
2. अग्रेषणकर्ता अधिकारी कृपया परीक्षार्थी द्वारा आवेदन के साथ जमा किये आवश्यक संलग्न अभिलेखों का भलीभांति परीक्षण कर लें। परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण भरै होने, परीक्षा शुल्क जमा होने, विषय/प्रश्नपत्र सही होने एवं पात्रता सुनिश्चित होने पर ही आवेदन अग्रेषित करें। पात्रता न होने पर परीक्षा, आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।
3. अग्रेषणकर्ता अधिकारी कृपया प्रवेश विनियमन का पालन करें प्रवेश पोर्टल की प्रवेश सूची एवं विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कक्षा/विषयों के अनुसार ही परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करें।

आदेशानुसार,

सहायक कुलसचिव परीक्षा